अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , मंगलवार,18 नवंबर 2025

PAGE NO :III MIDDLE

# समय का पालन और निर्णयों पर दृढ़ रहना ही बनाएगा श्रेष्ठ चिकित्सक



छात्र-छात्राओं के साथ कार्यक्रम में मौजूद चेयरमैन देवमूर्ति। ● अमृत विचार

● एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में व्हाइट कोट सेरेमनी में विद्यार्थियों ने ली चरक की शपथ

**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में सोमवार को आयोजित व्हाइट कोट सेरेमनी में प्रिंसिपल डॉ. एमएस बुटोला ने एमबीबीएस- 2025 बैच के 200 विद्यार्थियों को महर्षि चरक की शपथ दिलाई।

चेयरमैन देव मूर्ति ने विद्यार्थियों से कहा कि समय का पालन करना सभी के लिए जरूरी है, लेकिन मेडिकल के क्षेत्र में यह अपरिहार्य है। समय पालन से किसी भी मरीज की जान बच सकती है और एक मिनट की देरी जान ले भी सकती है। समय का पालन और निर्णयों पर दृढ़ रहना ही आपको श्रेष्ठ चिकित्सक बनाएगा। 75 फीसदी या उससे ऊपर नंबर लाने वाले विद्यार्थियों को दो लाख रुपये और उससे ज्यादा की राशि स्कॉलरशिप में मिलेगी। डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने नए विद्यार्थियों से कहा कि यहां टीम में रह कर काम करना सीखें और सर्वश्रेष्ठ चिकित्सक बनने का फैसला करें। डॉ. बिंदु गर्ग ने आभार जताया। डॉ. रोहित शर्मा, डॉ. क्रांति कुमार, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. शैलेश सक्सेना, जसप्रीत कौर, डॉ. मुथु महेश्वरी, मैट्रन संतोषी आदि मौजूद रहे। संचालन विद्यार्थी मोहोर बनर्जी और ईशान खोसला ने किया।